राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर–302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdpl-ta-rj@nic.in)

क्रमांक :– एफ. 3(ख) (जी–10545 / 2013) / अलेसे–II / 923 दिनांक :– 16-1-23

## *अनापत्ति प्रमाण पत्र*

श्री गौरव पण्डया (लिंक न0. 10545) कार्यालय मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अधिकारी गिर्वा (उदयपुर) सहायक लेखाधिकारी ग्रेड़–II के पद पर कार्यरत है एवं जिनकी जन्म तिथि 17.08.1989 है, को उनके प्रार्थना पत्र दिनांक 26.12.2022 तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अधिकारी गिर्वा उदयपुर के पत्र क्रमांक 702 दिनांक 26.12.2022 के अनुसार श्री गौरव पण्डया को दिनांक 20.01.2023 से 29.01.2023 तक (कुल 10 दिवस) विदेश यात्रा हेतु वियतनाम की अनुमति निम्नलिखित शर्तो पर प्रदान की जाती है :–

1. वह अवकाश स्वीकृत कराने के पश्चात् ही विदेश यात्रा पर प्रस्थान करेगें।
2. वह विदेश यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व इस विभाग एवं सम्बन्धित कार्यालय को विदेश प्रवास में ठहरने का पूर्ण पता मय टेलीफोन नम्बर / फैक्स नम्बर आदि सूचित करेगें।
3. विदेश यात्रा के लिये प्रथम बार में स्वीकृत अवकाश में किसी प्रकार की वृद्धि स्वीकार नहीं होगी।
4. वह विदेश यात्रा के दौरान किसी प्रकार का व्यवसाय / विदेश सेवा ग्रहण नहीं करेगें।
5. वह विदेश यात्रा के दौरान राजकीय अभिलेख / सूचना की गोपनीय भंग नहीं करेगें।
6. वह विदेश यात्रा में किसी प्रकार का अध्ययन नहीं करेगें।
7. उनके द्वारा विदेश से भेजा हुआ त्याग पत्र स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
8. विदेश यात्रा हेतु अथवा विदेश यात्रा के दौरान राज्य सरकार द्वारा / के माध्यम से कोई व्यय / विदेश विनिमय नहीं किया जावेगा।
9. वह विदेश से लौटकर इस विभाग को सूचित करेगें।
10. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की उनके द्वारा पूर्ण पालना की जावेगी।

**यह स्वीकृति 20.01.2023 से 29.01.2023 की अवधि के लिये मान्य होगी ।**

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन
सचिव

क्रमांक :– एफ. 3(ख) (जी–10545 / 2013) / अलेसे–II / 923 दिनांक :– 16-01-23

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अधिकारी गिर्वा (उदयपुर)।
2. श्री गौरव पण्डया, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अधिकारी गिर्वा (उदयपुर)।
3. उपनिदेशक कम्प्यूटर शाखा।
4. अतिरिक्त निजि सचिव, निदेशक महोदया।

(के.जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

D:\sas-ii\usha ji\order14 New.docx